**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1989**
**उत्तर देने की तारीख : 11.12.2025**

**सीजीटीएमएसई के अंतर्गत ऋण**

**1989. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत दो वर्षों के दौरान सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों में कमी आई है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस स्थिति में सुधार हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) राजस्थान का और विशेषकर झुंझुनू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित विगत दो वर्षों के दौरान सीजीटीएमएसई के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों, निपटाए गए दावों और वितरित ऋण का वर्ष-वार और जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकारी विभाग और सरकारी क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) एमएसएमई को भुगतान करने में विलंब कर रहे हैं, जिससे कार्यशील पूंजी का संकट उत्पन्न हो रहा है; और

(ङ) यदि हाँ, तो वर्तमान वर्ष के लिए कुल बकाया राशि कितनी है और राजस्थान राज्य में इसे निपटाने के लिए जिलेवार क्या समय-सीमा नियत की गई है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) और (ख) : सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) ने विगत तेईस वर्षों में 4.26 लाख करोड़ रुपए की तुलना में, पिछले दो वर्षों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए, 5.08 लाख करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटियों का अनुमोदन किया है, जो यह दर्शाता है कि पिछले दो वर्षों में एमएसई के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस) के तहत ऋण स्वीकृतियों में काफी उछाल आया है।

(ग) : विगत दो वर्षों में सीजीएस के तहत अनुमोदित क्रेडिट गारंटियों और निपटान किए गए दावों का, राजस्थान राज्य में, झुंझुनू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों को शामिल करते हुए, जिला-वार, ब्यौरा अनुबंध-I पर संलग्न है।

(घ) : देश भर में एमएसई के लिए भुगतान का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के लिए, एमएसएमई मंत्रालय ने एमएसई के बकायों की निगरानी के लिए दिनांक 30.10.2017 को समाधान पोर्टल की शुरुआत की। इसके अतिरिक्त, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अधीन, एमएसई को विलंबित भुगतानों के मामलों का निपटान करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषदों (एमएसईएफ़सी) की स्थापना की गई है, अभी तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 161 एमएसईएफ़सी स्थापित किए गए हैं। एमएसएमई मंत्रालय ने विलंबित भुगतान के मामलों के संबंध में संपूर्ण डिजिटल समाधान प्रदान करने के लिए दिनांक 27.06.2025 को ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) पोर्टल आरंभ किया है।

(ड) : एमएसएमईडी अधिनियम 2006 के अनुसार, जब कोई आपूर्तिकर्ता उत्पाद या सेवाएं प्रदान करता है, तो खरीदार को आपसी सहमति से लिखित तिथि पर, या यदि ऐसा कोई समझौता नहीं है, तब नियुक्त दिन पर, भुगतान करना अनिवार्य है। तथापि, वस्तुओं की स्वीकृति या स्वीकृत माने गए दिन से किसी भी सहमत भुगतान की अवधि 45 दिनों से अधिक नहीं होगी। राजस्थान राज्य में, चालू वर्ष के लिए एमएसई को कुल बकायों का, जिला-वार, विवरण अनुबंध-II पर संलग्न है।

*****

अनुबंध-I

"सीजीटीएमएसई के अंतर्गत ऋण" पर लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1989, जिसका उत्तर दिनांक 11.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

| सीजीएस-अनुमोदित गारंटियाँ-राजस्थान-जिला-वार | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वित्त वर्ष 2023-24 | | वित्त वर्ष 2024-25 | |
| क्र. सं. | जिला | अनुमोदित गारंटियों की संख्या | अनुमोदित गारंटियों की राशि (करोड़ रुपए में) | अनुमोदित गारंटियों की संख्या | अनुमोदित गारंटियों की राशि (करोड़ रुपए में) |
| 1 | अजमेर | 8,445 | 923 | 9,616 | 856 |
| 2 | अलवर | 4,602 | 517 | 6,836 | 797 |
| 3 | बांसवाड़ा | 700 | 46 | 942 | 61 |
| 4 | बारण | 598 | 58 | 986 | 82 |
| 5 | बाड़मेर | 1,535 | 193 | 2,006 | 256 |
| 6 | भरतपुर | 2,515 | 190 | 3,430 | 245 |
| 7 | भीलवाड़ा | 3,036 | 373 | 3,413 | 462 |
| 8 | बीकानेर | 3,259 | 375 | 3,858 | 442 |
| 9 | बूंदी | 1,011 | 72 | 1,554 | 113 |
| 10 | चित्तौड़गढ़ | 1,795 | 162 | 2,314 | 222 |
| 11 | चुरू | 2,539 | 197 | 1,904 | 184 |
| 12 | दौसा | 1,225 | 87 | 2,288 | 128 |
| 13 | धौलपुर | 1,398 | 83 | 2,427 | 95 |
| 14 | डूंगरपुर | 724 | 39 | 961 | 55 |
| 15 | गंगानगर | 2,948 | 200 | 3,122 | 285 |
| 16 | हनुमानगढ़ | 1,665 | 184 | 2,146 | 182 |
| 17 | जयपुर | 18,482 | 2,781 | 31,240 | 5,627 |
| 18 | जैसलमेर | 642 | 43 | 875 | 56 |
| 19 | जालौर | 637 | 62 | 853 | 75 |
| 20 | झालावाड़ | 746 | 71 | 1,394 | 108 |
| 21 | झुंझुनू | **2,550** | **173** | **2,928** | **177** |
| 22 | जोधपुर | 6,556 | 770 | 7,534 | 1,093 |
| 23 | करौली | 873 | 48 | 965 | 58 |
| 24 | कोटा | 3,537 | 285 | 4,392 | 411 |
| 25 | नागौर | 1,774 | 191 | 3,174 | 250 |
| 26 | पाली | 1,436 | 199 | 2,110 | 214 |
| 27 | प्रतापगढ़ | 412 | 21 | 475 | 25 |
| 28 | राजसमंद | 779 | 93 | 1,395 | 132 |
| 29 | सवाई माधोपुर | 1,425 | 78 | 1,600 | 93 |
| 30 | सीकर | **2,478** | **173** | **4,867** | **297** |
| 31 | सिरोही | 621 | 47 | 1,238 | 81 |
| 32 | टोंक | 1,438 | 102 | 2,329 | 114 |
| 33 | उदयपुर | 3,467 | 345 | 5,252 | 589 |
| | कुल | **85,848** | **9,180** | **1,20,424** | **13,865** |

| सीजीएस-निपटान किए गए दावे-राजस्थान-जिला-वार | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | [राशि करोड़ रुपए में] |
| | | वित्त वर्ष 2023-24 | | वित्त वर्ष 2024-25 | |
| क्र.सं. | जिला | निपटान किए गए दावे | निपटान की गई राशि | निपटान किए गए दावे | निपटान की गई राशि |
| 1 | अजमेर | 629 | 11.06 | 812 | 19.63 |
| 2 | अलवर | 288 | 4.57 | 401 | 5.57 |
| 3 | बांसवाड़ा | 114 | 0.65 | 130 | 0.85 |
| 4 | बारण | 60 | 1.25 | 125 | 0.43 |
| 5 | बाड़मेर | 65 | 0.69 | 140 | 1.62 |
| 6 | भरतपुर | 123 | 1.72 | 94 | 1.48 |
| 7 | भीलवाड़ा | 201 | 4.17 | 250 | 6.20 |
| 8 | बीकानेर | 243 | 2.94 | 537 | 5.05 |
| 9 | बूंदी | 103 | 0.57 | 104 | 0.93 |
| 10 | चित्तौड़गढ़ | 146 | 1.43 | 372 | 3.24 |
| 11 | चुरू | 130 | 0.93 | 251 | 1.41 |
| 12 | दौसा | 128 | 1.83 | 166 | 1.80 |
| 13 | धौलपुर | 49 | 0.31 | 23 | 0.35 |
| 14 | डूंगरपुर | 59 | 0.57 | 61 | 0.43 |
| 15 | गंगानगर | 247 | 2.16 | 378 | 2.65 |
| 16 | हनुमानगढ़ | 139 | 0.94 | 251 | 1.72 |
| 17 | जयपुर | 881 | 26.15 | 2207 | 31.84 |
| 18 | जैसलमेर | 39 | 0.49 | 46 | 0.43 |
| 19 | जालौर | 46 | 0.58 | 62 | 0.65 |
| 20 | झालावाड़ | 71 | 0.54 | 81 | 0.58 |
| 21 | **झुंझुनू** | **74** | **0.53** | **184** | **1.20** |
| 22 | जोधपुर | 262 | 5.63 | 450 | 8.92 |
| 23 | करौली | 54 | 0.59 | 80 | 0.79 |
| 24 | कोटा | 225 | 3.56 | 523 | 4.74 |
| 25 | नागौर | 124 | 1.48 | 218 | 1.98 |
| 26 | पाली | 113 | 1.23 | 192 | 1.81 |
| 27 | प्रतापगढ़ | 53 | 0.74 | 43 | 0.41 |
| 28 | राजसमंद | 106 | 1.57 | 137 | 2.23 |
| 29 | सवाई माधोपुर | 166 | 1.80 | 126 | 0.97 |
| 30 | **सीकर** | **182** | **1.81** | **243** | **1.45** |
| 31 | सिरोही | 60 | 0.73 | 106 | 0.78 |
| 32 | टोंक | 73 | 1.01 | 95 | 0.99 |
| 33 | उदयपुर | 224 | 5.43 | 348 | 4.43 |
| | **कुल** | **5,477** | **89.65** | **9,236** | **117.57** |

**अनुबंध-II**

"सीजीटीएमएसई के अंतर्गत ऋण" पर लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1989, जिसका उत्तर दिनांक 11.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

| एमएसई को बकाया | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | जिला | देय राशि (करोड़ रुपए में) |
| 1 | जयपुर | 69.98 |
| 2 | अलवर | 12.86 |
| 3 | जोधपुर | 15.32 |
| 4 | उदयपुर | 10.44 |
| 5 | अजमेर | 5.14 |
| 6 | बीकानेर | 12.85 |
| 7 | पाली | 1.19 |
| 8 | कोटा | 33.3 |
| 9 | बाड़मेर | 2.43 |
| 10 | नागौर | 9.03 |
| 11 | भीलवाड़ा | 0.79 |
| 12 | हनुमानगढ़ | 1.03 |
| 13 | झुंझुनू | 1.07 |
| 14 | राजसमंद | 0.76 |
| 15 | जयपुर ग्रामीण | 1.22 |
| 16 | चित्तौड़गढ़ | 0.44 |
| 17 | गंगानगर | 0.05 |
| 18 | चुरू | 0.04 |
| 19 | दौसा | 0.2 |
| 20 | ब्यावर | 0.1 |
| 21 | भरतपुर | 0.34 |
| 22 | सवाई माधोपुर | 2.24 |
| 23 | सीकर | 1.2 |
| 24 | सिरोही | 0.23 |
| 25 | बालोतरा | 0.06 |
| 26 | बांसवाड़ा | 0.07 |
| 27 | जालौर | 0.12 |
| 28 | जोधपुर ग्रामीण | 0.03 |
| 29 | टोंक | 0.07 |
| 30 | खैरथल-तिजारा | 0.48 |
| 31 | करौली | 0.01 |
| 32 | कोटपूतली-बहरोड़ | 0.03 |
| 33 | बारण | 0.09 |
| 34 | धौलपुर | 0 |
| 35 | डीडवाना कुचामन | 0.07 |
| 36 | डूडू | 0 |
| 37 | डूंगरपुर | 0 |
| 38 | डीग | 0 |
| 39 | अनूपगढ़ | 0 |
| 40 | केकड़ी | 0 |
| 41 | झालावाड़ | 0 |
| 42 | जैसलमेर | 0 |
| 43 | गंगापुरसिटी | 0 |
| 44 | बूंदी | 0 |
| 45 | शाहपुरा | 0 |
| 46 | सलूंबर | 0 |
| 47 | सांचौर | 0 |
| 48 | नीम का थाना | 0 |
| 49 | फलौदी | 0 |
| 50 | प्रतापगढ़ | 0 |
| | कुल | **183.28** |